भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †2276
सोमवार, 5 अगस्त, 2024/14 श्रावण, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

नए पर्यटन सर्किट का विकास

†2276. श्री चन्द्र प्रकाश चौधरी:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान झारखंड राज्य में आने वाले घरेलू और विदेशी पर्यटकों का जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार की उक्त राज्य में नए पर्यटन सर्किट विकसित करने की कोई योजना है;

(ग) यदि हां, तो ऐसे सर्किटों का ब्यौरा क्या है और इस संबंध में क्या समय-सीमा निर्धारित की गई है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क): पिछले पाँच वर्षों में झारखंड में घरेलू और विदेशी पर्यटक दौरों की संख्या नीचे दी गई हैः

(हज़ार में)

वर्ष	**डीटीवी**	**एफटीवी**
2019	35580.77	176.04
2020	2574.70	0.49
2021	3383.64	1.64
2022	38284.38	192.32
2023 (अ)	35776.10	189.26

स्रोतः राज्य पर्यटन विभाग

अः अनंतिम

(ख) से (घ): पर्यटन मंत्रालय ने वर्ष 2014-15 में अपनी स्वदेश दर्शन योजना की शुरुआत की जिसके अंतर्गत झारखंड सहित देश में पर्यटन अवसंरचना के विकास हेतु राज्य/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों/केंद्रीय एजेंसियों आदि को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। यह वित्तीय सहायता राज्यों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों के परामर्श से प्रदान की जाती है। स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत मंत्रालय ने झारखंड राज्य में ईको परिपथ थीम के अंतर्गत वर्ष 2018-19 में 30.44 करोड़ रु. की राशि से 'ईको पर्यटन परिपथः दलमा - बेतला राष्ट्रीय उद्यान - मिरचैया - नेतरहाट का विकास' नामक एक परियोजना को स्वीकृति दी थी। यह परियोजना भौतिक रूप से पूरी हो गई है।

*****